रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-869/2018/1400/22-2-2018-17(306)/2017

लखनऊ: दिनांक: 22 नवम्बर, 2018

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (एक्ट संख्या-2, 1974) की धारा-432 के अन्तर्गत इनफरमिटी रोल के स्थान पर भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सन्तराम (बन्दी संख्या-35677) पुत्र श्री छोटे सिंह, जो-निवासी-ग्राम-नॉगल, थाना- नॉगल, जनपद-बिजनौर का रहने वाला है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-195/1999 के अन्तर्गत भारतीय दण्ड विधान की धारा-302, 498ए के अधीन दिनांक 05.08.2000 को मा0 सत्र न्यायाधीश, बिजनौर द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, की समयपूर्व रिहाई हेतु जिला मजिस्ट्रेट द्वारा संस्तुति की गयी है, पीठासीन अधिकारी द्वारा संस्तुति सम्बन्धी अभिमत नहीं दिया गया है, मेडिकल बोर्ड द्वारा बीमारी के आधार पर दी गयी संस्तुति तथा महानिरीक्षक, कारागार की संस्तुति के आधार पर बन्दी की आयु 73 वर्ष होने, 19 वर्ष से अधिक अपरिहार, 25 वर्ष से अधिक सपरिहार सजा काटने तथा जेल आचरण संतोषजनक होने के दृष्टिगत बन्दी की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि उक्त बंदी द्वारा अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, बिजनौर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

अमर सेन सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-869/2018/1400(1)/22-2-2018 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।
2- जिला मजिस्ट्रेट, बिजनौर ।
3- पुलिस अधीक्षक बिजनौर।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0 प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in